समाचार

सफाई मित्र सुरक्षा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

(घंटाघर स्थित सियान सदन में सफाई मित्रों को दी गई शासकीय योजनाओं की जानकारी, किया गया लाभांवित)

कोरबा 01 अक्टूबर 2024 – स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत आयोजित किए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत सियान सदन में सफाई मित्र सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सफाई मित्रों को केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें इन योजनाओं से लाभांवित किया गया।

निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा घंटाघर स्थित सियान सदन में सफाई मित्र सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान निगम के नियमित सफाई कर्मचारियों, प्लेसमेंट के सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों तथा स्वच्छता से जुड़े अन्य कामगारों को उनके लिए बनाई गई केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर जिन सफाई मित्रों, कामगारों के पास आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड आदि नहीं थे, उन्हें मौके पर ही कार्ड बनाकर उन्हें लाभांवित किया गया, साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि की जानकारी देते हुए उन्हें इन योजनाओं से लाभांवित कराया गया।

02 अक्टूबर को आडिटोरियम में आयोजन – स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत विगत 15 दिनों से आयोजित किए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के समापन का गरिमामय कार्यक्रम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस 02 अक्टूबर को टी.पी.नगर स्टेडियम के समीप स्थित राजीव गांधी आडिटोरियम में उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है।